# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
## बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–130/2026*

### राज्यपाल ने राष्ट्रीय अंतर–महाविद्यालयी क्रॉसवर्ड एक्सपेडिसन– 2026 का शुभारम्भ किया

**पटना 16 जुलाई, 2026** :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना (सीआईएमपी) में राष्ट्रीय अंतर–महाविद्यालयी क्रॉसवर्ड एक्सपेडिसन (National Inter-College Crossword Expedition), 2026 का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि क्रॉसवर्ड एक ऐसी बौद्धिक गतिविधि है, जो सोचने–समझने की क्षमता को विकसित करती है और सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाती है।

उन्होंने कहा कि जीवन की महत्वपूर्ण सीख कक्षा, परीक्षा और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से मिलती है। क्रॉसवर्ड व्यक्ति को धैर्य रखने, बार–बार प्रयास करने और कठिन लगने वाली समस्या का समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। किसी पहेली को अपने प्रयास से हल करने पर आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

राज्यपाल ने कहा कि क्रॉसवर्ड विद्यार्थियों में तार्किक सोच, रचनात्मकता, नए ढंग से सोचने की क्षमता और समस्याओं का विभिन्न पहलुओं से विश्लेषण करने की आदत विकसित करता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधियों को शैक्षणिक और सह–पाठ्यक्रम कार्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि आज तकनीक अनेक प्रश्नों के उत्तर कुछ ही क्षणों में उपलब्ध करा सकती है, लेकिन विद्यार्थियों के लिए अपनी सोचने, समझने और विश्लेषण करने की क्षमता को निरंतर विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्रॉसवर्ड, क्विज और वाद–विवाद जैसी गतिविधियाँ स्वतंत्र चिंतन, तार्किक विश्लेषण और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत बनाती हैं।

अपने सैनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसी भी सफल रणनीति का आधार परिस्थितियों का सही आकलन, दूरदर्शी सोच और समयानुकूल निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि क्रॉसवर्ड जैसी गतिविधियाँ व्यक्ति को हर पहलू पर विचार करने, नए विकल्प तलाशने और समस्याओं का बेहतर समाधान खोजने के लिए तैयार करती हैं।

आगे पृष्ठ 2......पर

उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास, धैर्य और व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि देशभर के अधिक से अधिक विद्यालय और महाविद्यालय इस प्रकार की गतिविधियों को अपनाएँगे, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी बौद्धिक क्षमता विकसित करने का अवसर मिल सके।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रीय अंतर–महाविद्यालयी क्रॉसवर्ड एक्सपेडिसन के टी–शर्ट एवं स्मारिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम को राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह एवं रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विवेक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव श्री कुन्दन कुमार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख श्री राजीव रंजन सिन्हा, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ० राणा सिंह, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी श्री कुमोद कुमार, शिक्षकगण, छात्र–छात्राएँ तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

............................................